दिग्विजय का बयान : सारंग का हमला

सुप्रीम कोर्ट पर विवादित टिप्पणी

- मंत्री विश्वास सारंग ने जताई कड़ी नाराजगी
- कहा- कानूनी कार्रवाई होना चाहिए

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 11 जून. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा सुप्रीम कोर्ट को कथित रूप से चोर बोलने पर पर प्रदेश के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने गहरी नाराजगी जताते हुए इसे आपत्तिजनक करार दिया है. उन्होंने कहा कि यह सुप्रीम कोर्ट का अपमान है. सुप्रीम कोर्ट को संज्ञान लेकर कार्रवाई करना चाहिए.

सारंग ने कहा कि आप चुनाव आयोग, सरकार और वोटिंग मशीन को गाली दे रहे हैं और अब सुप्रीम कोर्ट को चोर कह रहे हैं. उन्होंने सवाल उठाया कि दिग्विजय सिंह संवैधानिक संस्थाओं की कोई इज्जत रखेंगे या नहीं. कांग्रेस के नेता बद से बदतर स्थिति में पहुंच गए हैं. उन्होंने कहा कि यह शर्मनाक है और यह कानूनी परिधि में आता है.दिग्विजय सिंह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए.

सीएम डॉ. यादव ने तीनों सांसदों को दी बधाई

भोपाल, 11 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश से राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए उम्मीदवारों तरुण चुघ, रजनीश अग्रवाल और महेश केवट को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि तीनों निर्वाचित सदस्य राज्यसभा में जनता के हितों, जनभावनाओं और विकास से जुड़े विषयों को प्रभावी रूप से उठाएंगे और देश और प्रदेश के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे.

एमपी में प्री-मानसून का असर तेज

- 34 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

भोपाल, 11 जून. मध्य प्रदेश में मानसून की दस्तक से पहले ही मौसम ने करवट ले ली है. प्रदेश में सक्रिय दो मौसम प्रणालियों के प्रभाव से प्री-मानसून गतिविधियां तेज हो गई हैं. मौसम विभाग ने 34 जिलों में आंधी, बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है. कई क्षेत्रों में हवा की रफ्तार 40 से 60 किमी प्रतिघंटा तक पहुंच सकती है, जबकि छह जिलों में ओलावृष्टि की संभावना भी जताई गई है.

बीते 24 घण्टे में छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, डिंडौरी, कटनी, सतना, पन्ना, उमरिया, बैतूल, मंडला, शहडोल, जबलपुर, दमोह, उज्जैन, रतलाम, नरसिंहपुर, रीवा और सिंगरौली सहित कई जिलों में बारिश और तेज हवाओं का असर देखने को मिला. मौसम विभाग के अनुसार 1 जून से प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में लगातार बारिश दर्ज की जा रही है और यह सिलसिला मानसून के आगमन तक जारी रह सकता है. गुरुवार को ग्वालियर, दतिया, मुरैना, भिंड, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, जबलपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी समेत कई जिलों में बारिश और आंधी की संभावना है.

रेलवे स्टेशन पर खड़े इंजन से डीजल चोरी

शहडोल, 11 जून. जिले में बुढ़ार रेलवे स्टेशन पर खड़े एक डीजल इंजन से अज्ञात चोर लगभग 1200 लीटर डीजल चोरी कर ले गए. घटना के बाद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से जांच शुरू कर दी है. पुलिस सूत्रों के अनुसार बुढ़ार रेलवे स्टेशन के समीप ट्रैक संख्या पांच पर खड़े एक डीजल इंजन से नौ और दस जून की मध्यरात्रि के बीच अज्ञात चोरों ने करीब 1200 लीटर डीजल निकाल लिया. घटना की जानकारी मिलने के बाद आरपीएफ, जीआरपी और बुढ़ार पुलिस ने दिनभर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर आरोपियों की तलाश की. जांच के दौरान पुलिस ने कबाड़ी ठिकानों सहित संदिग्ध स्थानों की तलाशी ली.

कांग्रेस विधायक मिलेंगे राष्ट्रपति से

विशेष संवाददाता

भोपाल, 11 जून. कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने घोषणा की है कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी अपने राजनीतिक अभियान के अगले चरण में प्रवेश कर रही है. उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी कांग्रेस विधायक शुक्रवार को नई दिल्ली जाएंगे और राष्ट्रपति से मुलाकात कर अपनी बात रखेंगे.

भोपाल में पत्रकारों से चर्चा करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि राष्ट्रपति से मिलने के लिए समय मांगा गया है और मुलाकात की पुष्टि का इंतजार किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि गुरुवार को कांग्रेस हालिया घटनाक्रमों और अपने रुख को लेकर विस्तृत जानकारी मीडिया के समक्ष रखेगी, जिसके बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी. केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए पटवारी ने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों, युवाओं के भविष्य से जुड़े परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामलों तथा किसानों की समस्याओं जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जवाबदेही से बचने का प्रयास कर रही है.

> उन्होंने कहा कि किसान उर्वरकों जैसी आवश्यक कृषि सामग्री प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि अर्थव्यवस्था भी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है. पटवारी ने दावा किया कि विदेश नीति से लेकर आम नागरिकों के दैनिक जीवन से जुड़े मुद्दों तक जनता में व्यापक असंतोष बढ़ रहा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज को लगातार बुलंद करती रहेगी और देशभर में लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा के लिए अपना संघर्ष जारी रखेगी. कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि जनता से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाना समय की आवश्यकता है.

राजस्व विभाग की कारगुजारियों से आहत तहसील से लेकर प्रदेश तक के भू स्वामी

नवभारत न्यूज

सिरमौर 11 जून, नामांतरण हो या सीमांकन आज समूचे सिरमौर से लेकर जिले और प्रदेश में हाहाकार मचा है हत्याएं हो रही है, और उसका सबसे बड़ा सूत्रधार पटवारी व राजस्व है। पश्चात पुलिस।

नामांतरण में भू स्वामी का नाम छोड़ देना ,कहीं भूमि का नम्बर छोड़ देना जिसके चलते किसान कचेहरी ,एस.डी.एम., कलेक्टर न्यायालय के चक्कर काटे और समय धन दोनों बर्बाद करें परंतु सम्बंधित पटवारी या कर्मचारी दोष मुक्त रहता है। दुर्भाग्य से अगर भू स्वामी समान्य कर्मचारी हैं तो उसकी तो इतनी फजीहत होती है कि वह इन कार्यालयों के चक्कर काटे या चाकरी करें।

अब नामांतरण पंजी उपलब्ध कराना तहसीलदार न्यायालय का उत्तरदायित्व है पर इसके लिए भू स्वामी दो वर्षों से तहसील से लेकर स्थरू व कमिश्नर न्यायालय तक गया परन्तु उपलब्ध नहीं जब कि यह दस्तावेज तहसीलदार कार्यालय से सुलभ हो जाता था। जो आज सम्भव नहीं।

वहीं वन्दोवस्ती नक्शा 1958- 59 का जिला भू अभिलेखागार से भी उपलब्ध नहीं ऐसा लेख दिया किया गया है। अब ऐसी स्थिति में सीमांकन सम्भव नहीं और इस परिस्थिति में सीमावर्ती विवाद सम्भव है और इसका जिम्मेदार कौन यह यक्ष प्रश्न है.

रामगंज मंडी रेल लाइन की प्रगति तेज

श्यामपुर-कुरावर रेलखंड का आज सीआरएस करेंगे निरीक्षण

भोपाल. रामगंजमंडी-भोपाल नई बड़ी रेल लाइन परियोजना के तहत तैयार 13.70 किलोमीटर लंबे श्यामपुर-कुरावर रेलखंड का 12 जून को रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) मध्य क्षेत्र, मुंबई के गुरू प्रकाश द्वारा निरीक्षण किया जाएगा. यह निरीक्षण रेलखंड की संरक्षा, तकनीकी गुणवत्ता और यात्री एवं मालगाड़ी संचालन के लिए उपयुक्तता का आकलन करने के लिए किया जा रहा है.

निरीक्षण सुबह 9:30 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगा. इस दौरान ट्रैक, पुल, समपार फाटक, सिग्नल एवं दूरसंचार प्रणाली सहित विभिन्न रेल संरचनाओं का गहन परीक्षण किया जाएगा. साथ ही स्पीड ट्रायल और अन्य परिचालन परीक्षण भी होंगे, जिनमें ट्रेनों को सामान्य से अधिक गति पर चलाया जा सकता है. रेल प्रशासन के अनुसार संतोषजनक निरीक्षण रिपोर्ट मिलने के बाद ही रेलखंड को नियमित संचालन के लिए मंजूरी दी जाएगी. यह परियोजना क्षेत्रीय रेल संपर्क को मजबूत करने के साथ व्यापार, उद्योग और आवागमन को नई गति प्रदान करेगी.

> परियोजना के अंतर्गत कुल 276 किलोमीटर रेल लाइन विकसित की जा रही है. भोपाल मंडल के हिस्से में आने वाले 111 किलोमीटर में से निशातपुरा डी-केबिन से श्यामपुर तक 42 किलोमीटर का कार्य पूरा हो चुका है. श्यामपुर-कुरावर खंड के निरीक्षण के बाद यह हिस्सा भी पूर्ण माना जाएगा. रेल प्रशासन ने आसपास के गांवों और बस्तियों के लोगों से अपील की है कि निरीक्षण और स्पीड ट्रायल के दौरान रेलवे ट्रैक, पुलों और समपार फाटकों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें तथा किसी भी स्थिति में ट्रैक पर न जाएं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके.

कुलगुरू के इस्तीफे की मांग को लेकर एबीवीपी का धरना

- कुलपति के इस्तीफे एवं धारा 52 लागू करने की मांग

भोपाल, 11 जून. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय में व्याप्त अकादमिक अनियमितताओं, प्रशासनिक अराजकता एवं आर्थिक भ्रष्टाचार के आरोपों के विरोध में आज से विश्वविद्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ कर दिया है. परिषद ने विश्वविद्यालय के कुलपति के तत्काल इस्तीफे तथा विश्वविद्यालय में धारा 52 लागू कर शासन द्वारा नियंत्रण अपने हाथ में लेने की मांग की है.

एबीवीपी का आरोप है कि विश्वविद्यालय में एमबीए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर सहित अनेक स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम महीनों से लंबित हैं. पुनर्मूल्यांकन के परिणाम भी एक वर्ष से अधिक समय से घोषित नहीं किए गए हैं, जिससे विद्यार्थियों का शैक्षणिक एवं व्यावसायिक भविष्य प्रभावित हो रहा है. विश्वविद्यालय का अकादमिक कैलेंडर वर्षों से अस्त-व्यस्त है तथा पीएचडी प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन भी लंबे समय से नहीं किया गया है.

परिषद ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन की उदासीनता के कारण नर्सिंग महाविद्यालयों की प्रवेश प्रक्रिया प्रभावित हुई है, शिक्षकों की भर्ती लंबित है, छात्रावासों की स्थिति बदहाल है तथा परिसर में सुरक्षा व्यवस्था भी चिंताजनक बनी हुई है. एबीवीपी ने विश्वविद्यालय में संबद्धता प्रक्रिया, विभिन्न टेंडरों, गोपनीय प्रिंटिंग कार्यों एवं अन्य प्रशासनिक निर्णयों में पारदर्शिता पर भी गंभीर प्रश्न उठाए हैं. परिषद का कहना है कि विश्वविद्यालय की वर्तमान कार्यप्रणाली के कारण छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं संबद्ध महाविद्यालयों में व्यापक असंतोष व्याप्त है. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कहा कि जब तक विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान नहीं होता तथा विश्वविद्यालय प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा.

भाई की मौत से दुखी बहन ने भी जहर खाकर दी जान

शाजापुर. जिले के ग्राम भेरूपुरा एक 70 साल की बुजुर्ग महिला ने अपने भाई की मौत के बाद सल्फास खा लिया. इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई. गुरुवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. मृतका की पहचान ग्राम भेरूपुरा तहसील पोलायकलां निवासी सुंदरबाई पति भागीरथ सिंह 70 के रूप में हुई है, जानकारी के अनुसार सुंदरबाई के भाई ने भी कुछ समय पहले सल्फास का सेवन किया था, जिसके बाद उनकी मौत हो गई थी. भाई की मौत से सुंदरबाई मानसिक रूप से व्यथित थी. इसी तनाव के चलते उन्होंने भी सल्फास की गोली खा ली.

उर्वरकों का मामला उठाया दिग्विजय ने

विशेष संवाददाता

भोपाल, 11 जून. पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर प्रदेश में उर्वरकों के वितरण और बिक्री में कथित अनियमितताओं पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है. उन्होंने आरोप लगाया है कि किसानों को डीएपी, एसएसपी तथा विभिन्न कॉम्प्लेक्स उर्वरक मुद्रित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक दरों पर बेचे जा रहे हैं और इसकी स्वतंत्र जांच कराई जानी चाहिए.

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में दिग्विजय सिंह ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से किसानों और किसान संगठनों ने शिकायत की है कि सहकारी समितियां, विपणन एजेंसियां तथा निजी विक्रेता निर्धारित एमआरपी से अधिक कीमत वसूल रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि कम कीमत पर खरीदे गए पुराने स्टॉक को भी पीओएस और ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से नई तथा काफी अधिक दरों पर बेचा जा रहा है.

उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि 20:20:0:13 ग्रेड के 50 किलोग्राम उर्वरक का एक बैग, जिसकी कीमत पहले लगभग 1,450 रुपये थी, कुछ क्षेत्रों में 2,100 रुपये तक बेचा जा रहा है. इससे किसानों पर प्रति बैग लगभग 650 रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है.

> इसी प्रकार की शिकायतें एसएसपी और अन्य उर्वरकों की बिक्री को लेकर भी सामने आई हैं. दिग्विजय सिंह ने कहा कि यह मामला केवल मूल्य वृद्धि तक सीमित नहीं है, बल्कि उपभोक्ता अधिकारों, पारदर्शिता तथा उर्वरक आदेश, 1985 और आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के संभावित उल्लंघन से भी जुड़ा है. उन्होंने प्रदेशव्यापी जांच, पुराने स्टॉक को नई दरों पर बेचने संबंधी शिकायतों की जिला स्तर पर पड़ताल, प्रभावित किसानों को राशि वापस दिलाने तथा दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों और विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है.

ऑनलाइन योग सत्र में शामिल हों प्रदेशवासी : मोहन यादव

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 11 जून. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समस्त प्रदेशवासियों से ऑनलाइन योग सत्र में शामिल होने की अपील की है. डॉ. यादव ने योग भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जिसने आज सम्पूर्ण विश्व को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का मार्ग दिखाया है.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक वैश्विक जनआंदोलन के रूप में स्थापित हुआ है. आज अनेक राष्ट्र योग के महत्व को स्वीकार और अंगीकार कर चुके हैं. योग दिवस 21 जून पर अनेक आयोजनों के साथ ही 14 जून को विशेष ऑनलाइन सत्र आयोजित किया जा रहा है. बीस मिनिट के इस ऑनलाइन सत्र में कोई भी नागरिक हिस्सा ले सकता है.

मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : 2026 के सातवें काउन्ट डाउन के अवसर पर आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने 14 जून को प्रातः 6.15 बजे से 7.35 बजे तक एक विशेष ऑनलाइन योग सत्र के आयोजन का निर्णय लिया है. इसका उद्देश्य नागरिकों को योग से जोड़ते हुए स्वस्थ, जागरूक एवं निरोग समाज का निर्माण करना है.

1,136 गुम और चोरी हुए मोबाइल बरामद

विशेष संवाददाता

भोपाल, 11 जून. मध्यप्रदेश पुलिस ने आधुनिक तकनीक और साइबर विशेषज्ञता के प्रभावी उपयोग से पिछले एक माह के दौरान प्रदेशभर में गुम एवं चोरी हुए 1,136 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को वापस सौंप दिए हैं. बरामद मोबाइल फोन की कुल अनुमानित कीमत लगभग 2 करोड़ 18 लाख रुपये आंकी गई है.

'देशभक्ति जनसेवा' के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए पुलिस ने सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल, साइबर हेल्प डेस्क, डिजिटल विश्लेषण और जिला पुलिस बलों के समन्वित प्रयासों के माध्यम से मोबाइल फोन ट्रेस किए. मोबाइल वापस मिलने पर नागरिकों ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया और कानून-व्यवस्था तंत्र पर अपना भरोसा और मजबूत होने की बात कही. मोबाइल बरामदगी के मामले में इंदौर सबसे आगे रहा, जहां क्राइम ब्रांच ने विभिन्न राज्यों से 230 मोबाइल फोन खोज निकाले, जिनकी कीमत लगभग 50 लाख रुपये है. भंवरकुआं और विजय नगर थाना पुलिस की कार्रवाई सहित कुल 260 मोबाइल फोन और अन्य संपत्ति बरामद की गई, जिनका मूल्य लगभग 66.60 लाख रुपये है. दमोह पुलिस ने 208 मोबाइल फोन (41.60 लाख रुपये), जबकि शिवपुरी पुलिस ने 120 मोबाइल फोन (30 लाख रुपये) बरामद कर लौटाए. 'ऑपरेशन सहयोग' के तहत खंडवा पुलिस ने विभिन्न राज्यों से 151 मोबाइल फोन ट्रेस किए, जिनकी कीमत 22.84 लाख रुपये से अधिक है.

वेतन नहीं मिलने पर आशा कार्यकर्ताओं का फूटा आक्रोश

मंदसौर, 11 जून. प्रदेशव्यापी चार दिवसीय हड़ताल के तहत गुरुवार को आशा एवं आशा सुपरवाइजर कर्मचारी महासंघ (संबद्ध भारतीय मजदूर संघ, मध्यप्रदेश) के बैनर तले जिलेभर की आशा कार्यकर्ताओं और सुपरवाइजरों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया. महाराणा प्रताप बस स्टैंड स्थित अभिव्यक्ति स्थल पर एकत्रित हुई महिलाओं ने सरकार के खिलाफ नाराजगी जताते हुए अपनी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया. बाद में संगठन की प्रदेश उपाध्यक्ष भारती सोलंकी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया.

अर्टिगा ऑटो की टक्कर, दो लोग घायल

शाजापुर. नेशनल हाईवे 52 स्थित नैनावद घाटी पर अर्टिगा कार और लोडिंग आटो रिक्शा के बीच टक्कर हो गई. इस दुर्घटना में आटो रिक्शा में सवार दो लोग घायल हो गए. घायलों की पहचान दिनेश पिता गिरधारीलाल और अर्जुन उम्मट के रूप में हुई है जो दोनों ग्राम गोलवा के निवासी हैं. बताया गया कि वे अपने आटो रिक्शा में खाद लेकर आगर जिले के कानड़ क्षेत्र से अपने गांव गोलवा लौट रहे थे, तभी नैनावद घाटी के पास यह हादसा हुआ. दुर्घटना की सूचना मिलते ही नैनावद पुलिस चौकी का दल तुरंत मौके पर पहुंचा. पुलिस ने घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल शाजापुर भिजवाया.

अध्ययन दौरा | छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाई कार्पोरेशन का दल मप्र भ्रमण पर

अन्नदूत योजना की जानकारी ली छग के अधिकारियों ने

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 11 जून. मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के क्रियान्वयन संबंधी जानकारी लेने और इसमें विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने के लिये छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाई कार्पोरेशन के अधिकारियों का एक दल मप्र भ्रमण पर है.

इस दल ने गुरूवार को खाद्य संचालनालय में अधिकारियों से योजना की कार्य प्रणाली, परिवहन व्यवस्था, आईटी आधरित मॉनीटरिंग प्रणाली, संबंधित विभागों के बीच समन्वय, हित धारकों की भूमिका तथा खाद्यान वितरण व्यवस्था में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली. अपर संचालक खाद्य एचएस परमार एवं अन्य अधिकारियों ने योजना के क्रियान्वयन के संबंध में पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन दिया. छत्तीसगढ़ के दल में सहायक महाप्रबंधक आईटी एवं उपार्जन महेन्द्र साहू, उप सहायक महाप्रबंधक परिवहन मनोज वर्मा, उप सहायक महाप्रबंधक सार्वजनिक वितरण प्रणाली त्रिनाधा रेड्डी, वरिष्ठ सलाहकार सुशील तिवारी और सलाहकार संदीप हलदर शामिल हैं.

> **क्या है मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना**
>
> लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रदाय केन्द्र से उचित मूल्य दुकानों तक राशन सामग्री के परिवहन का कार्य परिवहनकर्ता ठेकेदार के स्थान पर बेरोजगार युवकों के माध्यम से कराकर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने के लिये मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना नवाचार के रूप में लागू की गई है. इसमें लगभग 900 परिवहन कर्ता हैं.

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला सतना (म.प्र.)

क्रमाक //प्रवा./अपर कले./26 सतना दिनांक 27/05/2026

// सार्वजनिक सूचना //

विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 6 के तहत

-00-

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजाभैया कोल पिता श्री शोभनाथ कोल उम्र-25 वर्ष, (05/10/2001) स्थिति-अविवाहित व्यवसाय प्राईवेट नौकरी, स्थायी निवासी ग्राम पोस्ट पाल थाना तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना (म.प्र.) एवं आवेदिका नेहा कोल पिता श्री शिवराम कोल उम्र-20 वर्ष (09/07/2005), स्थिति अविवाहित व्यवसाय गृहणी स्थायी निवासी ग्राम बीरनई तहसील थाना रामपुर बाघेलान जिला सतना (म.प्र.) के द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अंतर्गत विशेष विवाह अनुष्ठापन हेतु आवेदन दिनांक 18/05/2026 को प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रस्तावित विवाह अनुष्ठापन के विरुद्ध यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति लिखित रूप में इस न्यायालय में दिनांक 30/06/2026 को या इसके पूर्व न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी
जिला सतना (म.प्र.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग (नगरीय) रघुराजनगर जिला-सतना (म.प्र.)

क्रमांक /03 / अनु0अधि0रघु0/ प्रवाचक-प्रथम / 2026 सतना, दिनांक-1/6/26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हल्का पटवारी सेजहटा ग्राम सोनौरा की आराजी क्रमांक 329/342/1 रकबा 4.000 हे. शासकीय म0प्र0 शासन दर्ज रिकार्ड है। उक्त भूमि का अंशभाग रकबा 0.455 हे. भूमि कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सतना (कार्यालय महाप्रबंधक पी0आई0यू0 सतना) द्वारा कर्मचारी आवास निर्माण हेतु भूमि आवंटन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

म0प्र0 नजूल निर्वतन निर्देश 2020 की कण्डिका 142 के अनुसरण में यह उद्घोषणा जारी की जाती है कि उपरोक्त आवंटन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था का दावा, आपत्ति अथवा सुझाव हो तो वह दिनांक 01/07/26 तक अनुविभागीय अधिकारी रघुराजनगर जिला सतना के न्यायालय के कक्ष क्रमांक जी-04 कलेक्ट्रेट कार्यालय सतना में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के बाद प्रस्तुत दावे, आपत्ति अथवा सुझाव मान्य नहीं होंगे।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01/6/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी
रघुराजनगर (नगरीय) जिला-सेसना (म0प्र00प्र0)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय कन्या स्नातको महाविद्यालय सतना (म.प्र.)

वेबसाइट: http://www.mpcolleges.nic.in/ggesatna
ई-मेल-heggegsat@mp.gov.in/pgde satna@gmail.com

क्रमांक /326/ स्टोर /2026 सतना दिनांक- 10.6.2026

निविदा सूचना

महाविद्यालय द्वारा जेम पोर्टल पर सामग्री क्रय/ मुद्रण कार्य हेतु निविदाएं जारी की गयी है। इच्छुक सप्लायर या विक्रेता जो आवश्यक अर्हताएं पूरी करते हो निविदा में भाग ले सकते है। विवरण निम्नानुसार है :-

क्रमांक	निविदा क्रमांक	सामग्री	निविदा बंद होने की दिनांक
1	GEM/2026/B/7616726	स्टेशनरी	20/06/2026
2	GEM/2026/B/7616591	मुद्रण कार्य	18/06/2026

प्राचार्य
शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना (म.प्र.)

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय
जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)
चित्रकूट, जिला सतना (म.प्र.) - 485334
School Code-51028 DISE Code-23130324914
CBSE Affiliation Code.1020029

क्र/EMRS/2025-26/683 चित्रकूट, दिनांक 11/06/2025

निविदा अधिसूचना

सत्र 2026-27 के माह जून 2026 से अप्रैल 2027 तक के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय चित्रकूट सतना म.प्र. हेतु विभिन्न भंडार सामग्री की 30 पूर्ति जैसे किराना सामग्री, सब्जी एवं फल, दैनिक उपयोग की सामग्री, कार्यालय लेखन सामग्री, विद्युत सामग्री, प्लम्बर सामग्री, खेलकूद सामग्री, वाटर फिल्टर प्लांट सामग्री कम्प्यूटर एवं सी.सी.टी.वी. रख-रखाव सामग्री, दूध व वेकरी सामग्री एवं दवाइयों की आपूर्ती के लिए जी.एस.टी पंजीकृत डीलर/निर्माता/आपूर्तिकर्ता/कम्पनियों से मुहरनंद निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दस्तावेज/प्रपत्र दो रूपये प्रति कापी की दर से कार्यालय प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विदयालय चित्रकूट में दिनांक 13.06.2026 से 19.06.2026 तक प्रातः 9.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में खरीदे एवं जमा किये जा सकते है। सीलबद निविदायें भौतिक रूप से या पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा भी भेजी जा सकती हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदारों क्रय समिति के समक्ष दिनांक 20.06.2026 को प्रातः 11.00 बजे प्राचार्य कक्ष में खोली जायेंगी। स्थानीय GST पंजीकृत डीलर/आपूर्ति कर्ताओं को प्राथमिकता दी जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता/क्रय समिति किसी भी निविदा को आंशिक रूप से अथवा पूर्ण रूप से स्वीकार करने अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार रखते हैं।

प्राचार्य
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय चित्रकूट जिला सतना (म.प्र.)